अ+ब₁+ब₂

| उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) | हाईस्कूल परीक्षा (उत्तराखण्ड) | 'अ' |
| --- | --- | --- |

## [प्रश्न संख्या 23 (क)]

नमक जीवन का अभिन्न अंग है। ब्रिटिश सरकार ने नमक बनाने पर प्रतिरोध लगाया हुआ था और बाजार मे नमक का मुल्य बहुत अधिक था क्योंकि सरकार पर टैक्स (Tax) यानि कर लगाया हुआ था। इसी नमक पर लगाया कर को **"नमक कर"** कहते है।

## [प्रश्न संख्या 23 (ख)]

गाँधी जी ने वायसराय को एक पत्र लिखा, जिसमे उन्होने 11 मांगो का उल्लेख किया। इन मांगो के पीछे गांधी जी का निम्न विचार था –

⇒ देश को स्वतन्त्र बनाना।
⇒ नमक कर को हटाना।
⇒ किसानो की आर्थिक स्थिति सुधारना।
⇒ विदेशी वस्तुओ का त्याग तथा स्वदेशी वस्तुओ को अपनाना।

[प्रश्न संख्या ~~२५~~ 23 (ग)]

गाँधी जी ने नमक को राष्ट्र को एकजुट करने को एक शक्तिशाली प्रतीक निम्न कारणो से माना -

⇒ नमक का प्रयोग अमीर - गरीब सब करते थे।

⇒ यह भोजन का अभिन्न हिस्सा था।

⇒ नमक का प्रयोग जीवन के लिए आवश्यक है।

उपर्युक्त कारणो से गाँधी जी ने नमक को एक शक्तिशाली प्रतीक माना।

[ प्रश्न संख्या 22 ]

गोपाल को निम्नलिखित आधार पर निश्चित करना चाहिए कि उसे ऋण बैंक (औपचारिक स्रोत) या साहूकार (अनौपचारिक स्रोत) से लेना चाहिए —

* **नियंत्रण** = औपचारिक स्रोत का नियंत्रण सरकार के तहत होता है जबकि अनौपचारिक ऋण का नियंत्रण सरकार के तहत नही होता।

* **प्रक्रिया** = ऋण की प्रक्रिया बैंको द्वारा नियमित तथा लिखित रूप मे होती है जबकि साहूकार द्वारा ऋण अनियमित तथा मौखिक रूप मे होता है।

* **स्थिति** = यदि गोपाल बैंक से ऋण लेगा तो वह अपना व्यापार सुचारु रूप से चला सकता है और यदि वह

साहूकार से ऋण लेगा तो वह कर्ज के जाल मे फस सकता है।

* **ब्याज दर** = बैंक द्वारा ऋण की ब्याज दर सरकार द्वारा कम निर्धारित की जाती है जबकि साहूकर द्वारा ऋण की ब्याज दर बहुत आधिक तथा बदलती रहती है।

* **शोषण** = बैंक से ऋण लेने पर गोपाल सुरक्षित रहेगा तथा उसके आधिकार भी सुरक्षित रहेंगे और यदि वह साहूकार से ऋण लेगा तो उसका शोषण भी होगा तथा आधिकार नही होंगे।

अतः गोपाल को ऋण बैंक से लेना चाहिए न कि साहूकार से।

[प्रश्न संख्या 21]

* **धारणीयता** = धारणीयता से अभिप्राय उस प्रक्रिया से है जिसके अन्तर्गत संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए संग्रहीत करना है।

* **धारणीयता का महत्व** = धारणीयता का विषय विकास के अति आवश्यक है, क्योंकि —

⇒ **भविष्य की पीढ़ियों के लिए** = धारणीयता का विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है क्योंकि यदि हम संसाधन का संरक्षण करेंगे तो भविष्य की पीढ़ियों का विकास तथा उनकी उपयोगिता को पूरा करने में सहायक है।


⇒ **समान वितरण** = धारयणीता का विषय को अपनाने से संसाधनो का संरक्षण होता है तथा सभी क्षेत्रो मे इसका समान विषय वितरण हो जाएगा।

⇒ **पर्यावरण हित** = धारणीयता का विषय पर्यावरण हित के लिए आवश्यक है।
धारयणीयता का विषय पर्यावरण की रक्षा मे सहायक है।

⇒ **हमारी आवश्यकता** = यदि हम सभी संसाधनो को आज ही समाप्त कर देंगे तो कल के लिए कुछ नही बचेगा। अत हमे पर्यावरण को भविष्य के लिए संग्रहण करना चाहिए।

[प्रश्न संख्या 20]

भारत मे महिलाओ के साथ विभिन्न क्षेत्रो मे भेदभाव होता है जो निम्नलिखित है —




* **शिक्षा क्षेत्र में** = आर्थिक संकट पर सबसे पहले महिलाओ की पढाई रोकी जाती है। कई क्षेत्रो मे महिलाओ की शिक्षा को ज्यादा प्रोत्साहन नही मिलता।

* **आर्थिक क्षेत्र में** = पुरुषो के समान कार्य करने पर भी महिलाओ को पुरुषो की तुलना मे कम वेतन दिया जाता है।

* **स्वास्थ्य में =** कई क्षेत्रो में महिलाओ के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान नही दिया जाता जिससे उनमे कई रोग हो जाते है।

* **गृहस्थी के रूप में =** महिलाओं से यही उम्मीद की जाती है कि वह शादी करके, घर सम्भाले और अच्छी गृहस्थी बनी। अक्सर वह गृहस्थी तक ही सीमित रह जाती है।

* **राजनीति मे =** राजनीति मे भी महिलाओ के साथ भेदभाव होता है। कई क्षेत्रो मे महिलाओ को चुनाव लड़ने भी नही दिया जाता। नेता भी वह अपने परिवार के आदेशानुसार चुनती है।

[उत्तर संख्या 19]


शासन के संघीय तथा एकात्मक स्वरूपो मे निम्न प्रकार से अंतर है —

| स० | आधार | संघीय व्यवस्था | एकात्मक व्यवस्था |
|---|---|---|---|
| 1- | शासन स्तर | संघीय शासन व्यवस्था मे शासन के दो या दो से आधिक स्तर होते है। | एकात्मक शासन प्रणाली मे केवल केन्द्र सरकार होती है। |
| 2- | कार्यो का विभाजन | संघीय शासन व्यवस्था मे कार्यो का स्पष्ट विभाजन तीन सूचीयो मे किया गया है। | एकात्मक शासन प्रणाली मे कार्यो का कोई विभाजन नही है। |
| 3- | संविधान की सर्वोच्चता | संविधान सर्वोच्च होता है तथा केन्द्र तथा राज्य सरकार को संविधान के अनुकूल ही काम करना पड़ता है। | एकात्मक शासन प्रणाली मे संविधान लचीला होता है जो कभी भी बदल सकता है। |

| सं० | आधार | संघीय व्यवस्था | एकात्मक व्यवस्था |
|---|---|---|---|
| 4- | न्यायपालिका की भूमिका | न्यायपालिका केन्द्र तथा राज्यो के मध्य विवादो को सुलझाती है। | न्यायपालिका की भूमिका सीमित है क्योकि सारी शक्ति केन्द्र के पास है। |
| 5- | स्वतन्त्रता | केन्द्र तथा राज्य सरकार दोनो को अपने-अपने क्षेत्र मे स्वतन्त्र रूप से कार्य करने की अनुमाति है। | राज्य की भूमिका सीमित है क्योकि सभी सरकारो को केन्द्र की अनुमाति मे कार्य पड़ता है। |
| 6- | सरकारे | इसकी दो सरकार केन्द्र तथा राज्य है। | इसमे केवल केन्द्र सरकार होती है। |
| 7- | उदाहरण | अमेरिका तथा भारत | श्री लंका तथा बेल्जियम। |

[उत्तर संख्या 18]

भारत मे सौर ऊर्जा का भविष्य उज्जवल है, क्योकि —




* **ऊर्जा की उपलब्धता** = भारत के पश्चिमी भाग से लगातार सूर्य की ऊर्जा मिलती रहती है। जिससे सौर ऊर्जा सदैव बनी रहेगी।

* **सस्ता सामान** = सोलर पैनल का मूल्य जल विद्युत मूल्य से बहुत कम है जो गरीबो द्वारा भी उपयोगी है।

* **पर्यावरण हित** = सौर ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा है, जो पर्यावरण के हित मे कार्य करती है।
इससे पर्यावरण प्रदूषण नही होता तथा ऊर्जा संरक्षण होता है।

* **नवीकरणीय ऊर्जा** = सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत है जो एक बार प्रयोग करने पर समाप्त नही होती। जिससे कोयला, पेट्रोलियम आदि का भी संरक्षण होता है।

* **सरकारी योजनाएँ** = सरकार ने सौर ऊर्जा के हित मे कई योजनाएं लागू की है। जैसे - Solar Energy mission और India solar Energy आदि। जिनकी सहायता से सौर ऊर्जा को और प्रोत्साहन मिलता है।

[प्रश्न संख्या 17]

* **राष्ट्रवाद** = अपने देश के प्रति प्रेम, आदर - सम्मान और निष्ठा की भावना को राष्ट्रवाद कहते हैं।

* **फ्रांसीसी क्रान्ति** = राष्ट्रवाद की पहली अभिव्यक्ति सन् 1789 को माना जाता है क्योंकि फ्रांसीसी क्रान्ति ने ही सम्पूर्ण यूरोप मे राष्ट्रवाद की भावना का प्रसार किया है —

* **समानता, स्वतन्त्रता और बन्धुत्व की भावना** = फ्रांसीसी क्रान्ति के माध्यम से सम्पूर्ण यूरोप मे समानता, स्वतन्त्रता तथा बन्धुत्व का संदेश गूंजा। जिससे अन्य देशो के लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना का विकास हुआ।

* **नेपोलियन का अन्त** = फ्रांसीसी क्रान्ती के माध्यम से निरंकुश राजतन्त्र का अन्त होता है तथा स्वतन्त्रता मिलती है।

* **गणराज्य की स्थापना** = फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद फ्रांस में गणराज्य की स्थापना होती है तथा समानता मिलती है।

* **मौलिक आधिकारो की घोषणा** = फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद फ्रांस में नागरिक आधिकारो की घोषणा हुआ तथा लोगो को समानता तथा स्वतन्त्रता मिली।

* **संस्कृति का प्रभाव** = संस्कृति ने भी राष्ट्रवाद का विकास किया।

उपुर्यक्त सभी भावनाऐं सम्पूर्ण यूरोप मे फैली और राष्ट्रवाद का बिकास किया।

[ प्रश्न संख्या 16 ]

सामुदायीक आपात योजना एक लोगो का समूह है जो आपातकालीन स्थिति मे सहायक होती है। सामुदायीक आपात योजना की आवश्यकता निम्न कारणो से है –

⇒ यह समूह आपातकालीन स्थिति मे सहायक होता है।

⇒ यह समूह आपदा के दौरान लोगो का रक्षण करता है।

⇒ यह समूह आपदा से पूर्व लोगो को आपदा के बारे मे शिक्षित करता है। यह आवश्यक है।

⇒ यह समूह युवाओ को शिक्षित करता है तथा आपदा के दौरान सहायता करवाता है।

⇒ यह समूह आपदा के पश्चात आन्तरिक संरचना को सुधारने मे सहायता प्रदान करता है तथा आर्थिक सहायता देता है।

## [उत्तर संख्या 15]

बचाव एवं राहत कार्यों में 'आपदा किट' एक महत्वपूर्ण संसाधन है, क्योंकि –


⇒ आपदा किट के अन्दर कई महत्वपूर्ण उपकरण होते हैं, जो आपदा निवारण में सहायक होते हैं।

⇒ इस किट के माध्यम से प्राथमिक उपचार देना सरल हो जाता है।

⇒ इस किट के अन्दर आवश्यक उपकरण जैसे – डिटॉल, पट्टी, हैलमेट, लाइट आदि होते हैं।

⇒ यह किट आपदा के दौरान जखमी लोगों के प्राण बचाने में सहायक होती है।

⇒ यह किट को पहले ही तैयार करके रख लिया जाता है ताकि आपदा के समय उसका उपयोग किया जा सके।



अतः "आपदा किट" महत्वपूर्ण है।

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

हाईस्कूल परीक्षा (उत्तराखण्ड) 'ब' 06 पन्ने

[प्रश्न संख्या 14]

यदि किसानो को सिंचाई एवं विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है तो रोजगार और आय निम्न प्रकार से बढ़ेगी –

⇒ यदि किसानो की फसल अच्छी होगी तो उनको आर्थिक सहायता मिली।

⇒ अच्छी फसल के उन्हे अच्छे दाम मिलेगे।

⇒ फसल से मिले पैसो से वे अपने घरेलू आवश्यकताओ को पूरा करेगे।

⇒ सिंचाई की सुविधा से उन्हे कठिन परिश्रम नही करना पड़ेगा।

⇒ विपणन सुविधा के सहायता से फसल को खाद तथा बीज मिलेगे, जो फसल को अच्छा बनाएगी।

⇒ अच्छे मूल्यो से किसान की आर्थिक स्थिति सुधरेगी तथा उन्हे रोजगार के अवसर मिलेगा, जिससे किसान की स्थिति सुधरेगी।

अतः किसानो की आय मे वृद्दि होगी।

[प्रश्न संख्या 13]

संगठित तथा असंगठित क्षेत्रको मे अंतर –

* **संगठित क्षेत्रक** = ये क्षेत्रक सरकार द्वारा निर्धारित होते है तथा इनमे कार्यरत लोगो को कई सुविधाए मिलती है जैसे – पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य सहायता। इसमें नियम तथा कानूनों का विशेष महत्व होता है।

⇒ **उदाहरण** = ~~मजदूर, फलवाला, नौकर।~~ शिक्षक, डॉक्टर आदि।

* **असंगठित क्षेत्रक** = ये क्षेत्रक सरकार के नियंत्रण मे नही होते तथा इनमे कार्यरत मजदूरो को बीमा, पेंशन जैसी कोई सुविधा नही होती। इसमे नियम कानून तो होते है पर उनका पालन नही होता है।

⇒ **उदाहरण** = मजदूर, नौकर।

[प्रश्न संख्या 12]

लोकतन्त्र नागरिको की गरिमा को निम्न तरीके से बढ़ाता है -

⇒ लोकतन्त्र लोगो को कई मौलिक आधिकार देता है जिससे उन्हे समानता तथा स्वतन्त्रता प्राप्त होती है।

⇒ लोकतन्त्र लोगो के लिए नीतियां निर्धारण करता है।

⇒ लोकतन्त्र मे सभी व्यक्ति कानून के समक्ष सामान होता है जिससे लोगो की गरिमा बनी रहती है।

⇒ लोकतन्त्र लोगो द्वारा चुनित होते है जिससे लोगो द्वारा मतदान मिलते है।

⇒ लोकतन्त्र सभी को समान आधिकार देता है जिससे कोई भी व्यक्ति स्वयं को छोटा नही समझता।

उपर्युक्त कार्यों से लोकतन्त्र लोगो की गरिमा बनाए रखता है तथा लोगो को समान तथा स्वतन्त्र लगता है।

लोकतन्त्र जो भी कार्य करता है ~~व~~ जो भी वह गरिमा से सम्बन्धित हो।

[प्रश्न संख्या ॥]

किसी भी राजनीतिक दल के निम्न गुण होते है -

⇒ लोगो का एक समूह, जो सरकार की नीति - निर्धारण मे सहायता करता है, उसे राजनीतिक दल कहते है।

⇒ इनका एक चुनाव चिन्ह तथा एक चुनाव झंडा होता है।

⇒ राजनीतिक दल जनमत को संगृहीत कर, उनकी सहायता करता है।

⇒ राजनीतिक दल जनता के विचारो को सरकार तक पहुंचाते है।

⇒ राजनीतिक दल नेता, सहायक तथा कार्यकर्ताओ का एक समूह होता है।

⇒ ये अपने क्षेत्र मे विकास कार्य कर क्षेत्र का विकास करते है।

⇒ ये रैली तथा रैली के माध्यम से जनता को उजागर करते है।

⇒ राजनीतिक दल लोगो को राजनीति के बारे मे ज्ञान कराते है।

[प्रश्न संख्या 10]

राजस्थान के अर्ध-शुष्क तथा शुष्क क्षेत्रों मे निर्मित टाँका की उपयोगिता निम्न है —

⇒ यह एक कमरे के आकार का संग्रहण होता है।
⇒ इसमे छत से पाइप को जोड़ा जाता है और वर्षा जल को एकात्रित किया जाता है।
⇒ इस वर्षा जल को अगली ऋतु तक संगृहीत किया जाता है।
⇒ सूखे या पानी की कमी के समय इस जल का प्रयोग किया जाता है।
⇒ यह टैंक को कमरो के नीचे बनाया जाता है जिससे कमरे भी ठंडे रहते है।
⇒ इस जल की सहायता से लोग अपनी घरेलू आवश्यकता को पूरा करते है।
⇒ इस टैंक को "टाँका" कहते है, जो राजस्थान मे प्रचालित जल सरक्षण विधी मानी जाती है।
⇒ यह जल विधी राजस्थान मे रहने वाले लोगो के लिए बहुत आवश्यक है।

[प्रश्न संख्या ७]

कृषि उत्पादन मे वृद्दि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा निम्न उपाय किए गए है –

⇒ किसानो को पोषक तत्व से पूर्ण बीज उपलब्ध कराकर।

⇒ किसानो को आधुनिक सिंचाई उपकरण उपलब्ध कराकर।

⇒ किसानो को ट्रैक्टर, ट्यूबवेल आदि का ज्ञान करवाया जाता है।

⇒ उन्हे उच्च खाद तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाते है।

⇒ उन्हे बैंको से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उन्हे आर्थिक सहायता मिलती है।

⇒ यदि किसानो को सरकार द्वारा ऋण मिलता है तो उन्हे विकास होता है।

⇒ सरकार किसानो के लिए चिकित्सालयो में निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराता है।

[प्रश्न संख्या 8]

मुद्रण संस्कृति ने निम्न प्रकार से महिलाओ पर असर किया —

⇒ पुस्तको तथा किताबो के आने से महिलाओ में ज्ञान का प्रसार हुआ ।

⇒ कई महिलाओ ने अपनी जीवन कथाएँ लिखी , लेखक बनी और अन्य महिलाओ को भी प्रोत्साहन किया ।

⇒ महिलाओ में सामाजिक बदलाव आए और उन्होने सामाजिक कुरीतियो का विरोध किया । जैसे — पर्दा प्रथा , दहेज प्रथा आदि ।

⇒ कई महिलाओ ने शिक्षा प्राप्त कि और काम करने लगी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी ।

⇒ महिलाओ ने राजनीति में भी रुचि देना शुरु कर दिया ।

[ प्रश्न संख्या 7 ]

प्रथम विश्व युद्द के समय भारत में औद्योगिक उत्पादन निम्न कारणो से बढ़ा ।—

⇒ ब्रिटिश सरकार का ध्यान युद्द सामग्री पर गया जो फिर भारत में उत्पादित होने लगा ।

⇒ अन्य देश युद्द सामग्री का उत्पादन करने लगे जिससे भारत को वस्त्र और अन्य चीजें उत्पादन करने का मौका मिला ।

⇒ देश में नई कारखाने खोले गए और पुराने कारखानो को भी दुबारा शुरु किया गया ।

⇒ सरकार ने भी औद्योगीकरण पर विशेष ध्यान दिया जिससे भारत में नई तकनीक का प्रसार होगा और औद्योगिक उत्पादन बढ़ा ।

⇒ सभी देशो के वस्त्र भारत को बनाने पड़े जिससे भारत में औद्योगिक विकास हुआ ।

बं2

| उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) | हाईस्कूल परीक्षा (उत्तराखण्ड) 'ब' 06 पन्ने |
|---|---|

| केन्द्र संख्या की मुहर | केन्द्र व्यवस्थापक के हस्ताक्षर |
|---|---|

[प्रश्न संख्या 6]

एक वैकाल्पिक संचार — "हैम रेडियो"

[प्रश्न संख्या 5]

उत्तरकाशी में टनल की खुदाई करते समय टनल मलबे के कारण बन्द हो गया और कई लोग मलबे के नीचे फस गई।

[प्रश्न संख्या 4]

ऋण के दो औपचारिक स्त्रोत —

(i) बैंक
(ii) सहकारी सामीतियाँ

[प्रश्न संख्या 3]

HDI = Human development Index

मानव विकास सूचकांक

[प्रश्न संख्या 2]

(क)

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख)

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

[प्रश्न संख्या 1]

(क)

(ii) जर्मनी

(ख)

(iii) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय

(ग)

(iv) कम्पनी के एजेण्ट

(घ)

(ii) मार्टिन लूथर

(ङ)

(iii) काली मृदा

(च)

(i) मध्य प्रदेश

(छ)

(i) सीमेण्ट

(ज)

(i) चावल

(झ)

(iv) पंचायती राज संस्थाओ मे

(अ)

(ii) पी. ए. संगमा

[प्रश्न संख्या 24]

(अ)

(क) बारदोली सत्याग्रह — ~~बिहार~~ गुजरात
(ख) पहली जूट मिल — पश्चिम बंगाल

(ब)

(ग) भिलाई — छत्तीसगढ़
(घ) नरौरा — उत्तरप्रदेश
(ङ) हैदराबाद — तेलंगाना
(च) सरदार सरोवर बांध — गुजरात

Rol

Thankyou


हाई स्कूल केन्द्र सं०-2468

**2026**

**234 (HRJ)**

प्रश्न संख्या 24 के लिए
(For Q. No. 24)

रोल नं.
**Roll No.**




| केवल परीक्षकों के लिए (For Examiners Only) | प्रश्न संख्या 24 (Q. No. 24) | अ (A) | | ब (B) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क (a) | ख (b) | ग (c) | घ (d) | ङ (e) | च (f) |
| | प्रदत्त अंक (Marks Provided) | | | | | | |